18/4/2020

Ch-2 Pol.Sc Part 4

## Long Answers

1/ शरणार्थी लोग कौन थे? उनका पुनर्वास कैसे किया गया?

Ans → 1947 में देश का विभाजन हुआ। भारत से एक हिस्सा अलग होकर पाकिस्तान बन गया। पाकिस्तान में रहने वाले हिन्दुओं ने अपने प्राणों की रक्षा की खातिर भारत में शरण ली। पूर्वी पाकिस्तान शरणार्थियों ने पश्चिमी बंगाल व आसाम में शरण ली। पश्चिमी पाकिस्तान से आने वाले लोगों ने पूर्वी पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मुंबई, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि में शरण ली, सरकार ने उनको रहने के लिए घर दिए, नौकरियाँ दी उनके जीवन यापन के लिए कोई काम धंधा चलाने हेतु वित्तीय सहायता दी गई। भारतीय जनता ने भी इस काम में बहुत सहयोग दिया।

2/ जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। कारण बताइए।

Ans → भारत स्वतंत्रता अधिनियम 1947 के तहत रियासत का राजा विलयपत्र पर हस्ताक्षर करके अपनी रियासत को भारत संघ में मिला सकता था। राजा हरिसिंह ने ऐसा ही किया। 1957 में जम्मू-कश्मीर का

Scanned by CamScanner

Part 'B' Chr 2

classmate
Date
Page

अपना संविधान लागू हो गया जिसमें उसे भारत का अभिन्न अंग घोषित किया है।

3) राज्यों व संघ-शासित क्षेत्रों में क्या अंतर है?

Ans → भारतीय संघ में 28 राज्य हैं जिन्हें स्वायत्तता प्राप्त है। संविधान ने उनका अधिकार क्षेत्र स्पष्ट कर दिया है, अतः केन्द्र उसका अतिक्रमण नहीं कर सकता है।

भारत में 9 संघ शासित क्षेत्र हैं जो ~~प्रत्य~~ प्रत्यक्षतः केन्द्र के अधीन होते हैं। उसे स्वायत्तता प्राप्त नहीं होती। केन्द्र किसी भी संघ शासित क्षेत्र को राज्य का दर्जा दे सकता है।

4) शिमला समझौते का महत्व बताइए?

Ans → दिसंबर 1971 पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया जिसमें उसे करारी पराजय का मुँह देखना पड़ा। बांगला देश में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान की सेनाओं को हरा कर उसे शेख मुजीबुर्रहमान को सौंप दिया गया तथा पाकिस्तानी सैनिकों को बंदी बना लिया जुलाई 1972 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति भुट्टो तथा भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी के बीच एक समझौता हुआ जिसके तहत

Scanned by CamScanner

Part 'B' Ch-2

☆ युद्ध बंदियों को रिहा कर दिया गया उनकी वापसी की गई तथा साथ ही यह तय किया गया कि दोनों देश परस्पर वार्ता से अपनी समस्याओं का समाधान करेंगे।

Q 5/ 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम पर संक्षिप्त नोट लिखिए।

Ans → 1955 में फज़ल अली आयोग की रिपोर्ट आयी जिसके आधार पर राज्य पुनर्गठन अधिनियम बना इसके तहत भारत में भाषाई आधार पर 14 राज्यों का निर्माण किया गया। पाँच संघ शासित क्षेत्र बनाए गए। मुंबई और पंजाब को द्विभाषी राज्य बनाया गया इसीलिए वहाँ विरोधी आंदोलन हुए जिनके फलस्वरूप उनका विभाजन करना पड़ा। 1960 में गुजराती भाषी लोगों का गुजरात बना, 1966 में पंजाब का हिन्दी भाषी क्षेत्र अलग करके हरियाणा बनाया गया।

Q 6/ राजतंत्र और गणतंत्र में क्या अंतर है?

Ans → राजतंत्र और गणतंत्र शासन की दो भिन्न प्रणालियाँ हैं। राजतंत्र में राजा का प्रमुख

Scanned by CamScanner

Part 'B' Ch-2

Date ______
Page ______

☆ किसी राजवंश का सदस्य होने के कारण सत्ता प्राप्त करता है। गणतन्त्र में राष्ट्र प्रमुख जनता के वोटो के आधार पर चुना जाता है तथा निश्चित समय के बाद उसे पुनः जनता का समर्थन प्राप्त करके ही पद प्राप्त हो सकता है।

Q 7/ राज्य पुनर्गठन आयोग के गठन के कारणों का उल्लेख करे।

Ans → स्वतंत्र भारत में आंध्र प्रदेश के गठन के साथ ही देश के अन्य भागों में भाषाई आधार पर राज्यों का गठन करने के लिए संघर्ष प्रारंभ हो गया। इन संघर्षों से बाध्य होकर केन्द्र ~~सरक~~ सरकार ने 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया।

Q8/ भारत में राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया भिन्न भिन्न क्षेत्रों, समुदायों, धर्मों के भौगोलिक, सामाजिक एवं भावनात्मक एकीकरण की एक धीमी प्रक्रिया रही है।

Ans → भारत एक विशाल देश है जिसमें विविधता के अनेक लक्षण देखे जा

☆

Scanned by CamScanner

Ch-2

classmate
Date ______
Page ______

सकते हैं। यहाँ लोगों के धर्म उनकी भाषाएँ तथा सामाजिक रीति-रिवाजों में बहुत भिन्नता देखी जा सकती है। यही कारण है कि राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया बहुत धीमी गति से चल रही है। इसका श्रेय महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल व मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे नेताओं को जाता है जिन्होंने विविधता में एकता लाने का प्रयास किया। हर्ष की बात यह है कि हमें इस दिशा में काफी सफलता मिली है।

Scanned by CamScanner